हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 3 मई 2025


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

12 सामूहिक श्रमदान से गूंजा मोर गांव, मोर पानी का संकल्प



14 भगवान परशुराम की निकली शोभायात्रा





## खबर संक्षेप

### मधुबन धाम में परशुराम जन्मोत्सव आज

**मगरलोड।** मगरलोड तहसील ब्राह्मण समाज द्वारा 3 मई शनिवार को मधुबन धाम में ब्राह्मण समाज के अराध्य देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। तैयारी में मगरलोड तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जीव नंदन पांडे, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव छन्नू प्रसाद द्विवेदी एवं सामाजिकजन जुटे हुए है। यह जानकारी मुकेश प्रसाद दुबे राजपुर ने दी है।

### सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में 12 मई से सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक उत्तम प्रकाश साहू, कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक, दुलेन्द्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच खुशबू यादव ने आसपास के युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

### साहू सदन नगरी में समर क्लास 5 से

**नगरी।** साहू सदन नगरी में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में समर क्लास का शुभारंभ 5 मई से किया जा रहा है। इसमें कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। विषय विशेषज्ञ बच्चों को मार्गदर्शन देंगे। स्पोकन इंग्लिश, मेडिटेशन, मोटिवेशनल क्लास, जीवन विद्या, साहित्यिक गतिविधियां, अंकों का जादू, चित्रकला की बारीकियां एस्ट्रोलॉजी, वास्तुशास्त्र संगीत कला से संबंधित क्लास प्रातः 8 से 10 बजे तक लगेगी।

### नारी बस स्टैंड में शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय नहीं

**सिर्री।** ग्राम नारी के बस स्टैंड मुख्य चौक के पास यात्री प्रतीक्षालय और सुलभ शौचालय नहीं है। मुख्य चौक-चौराहों मे पेयजल, शौचालय की बड़ी समस्या है। इससे राहगीरों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों यात्री आवागमन करते हैं। लेकिन शौचालय, पानी, यात्री प्रतीक्षालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। राहगीर एवं ग्रामीणों ने शासन, जनप्रतिनिधियों से समस्या के निराकरण की मांग की है।

### अंधेरे में भैंस से टकरा कर युवक की मौत

**कुरुद।** पुलिस थाना कुरुद अंतर्गत संतराम उम्र 33 वर्ष कन्हारपुरी निवासी मनराज राइस मिल में काम करता था। काम खत्म कर वह घर लौट रहा था। ग्राम उमरदा के पास अंधेरे में उसकी बाइक सड़क पर खड़ी एक भैंस से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुआ और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

विद्युत विभाग में 150 से अधिक शिकायतें आईं

# आंधी ने उखाड़े दर्जनों पेड़, शहर के कई क्षेत्र में रातभर रहा ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदले मौसम ने शहर सहित गांवों में खूब तबाही मचाई है। गुरुवार शाम को करीब 60 किमी की रफ्तार से चली आंधी ने दर्जनों पेड़ों को धराशायी कर दिया। मकानों में लगे टिन शेड हवा में उड़ गए। हालत यह रही कि शहर के कई क्षेत्र में रातभर ब्लैक आउट रहा।

विद्युत विभाग के जेई शेषनारायण देवांगन ने बताया कि गुरुवार शाम को आंधी बारिश से विद्युत विभाग को काफी नुकसान पहुंचा है। रातभर में 150 से अधिक कम्पलेन दर्ज की गई। पेड़ गिरने से इतवारी बाजार, सिहावा चौक, फारेस्ट आफिस, सोरिद में 11 केव्ही की लाइन में फाल्ट आया। अनेक जगह पर डीओ गिरने, ट्रांसफार्मर में खराबी की शिकायत थी।

सरकारी अस्पताल, गणेश चौक, खोड़िया तालाब, शांति कालोनी, अमलतासपुरम, रायपुर रोड में भी डाली टूटने, पेड़ के धराशायी होने की शिकायत मिली। विद्युत विभाग के कर्मचारी रातभर फाल्ट सुधारने में जुटे रहे। अनेक घरों की लाइट गुल थी। उसे रात में ही सुधारने का प्रयास किया गया। सर्विस वायर वाले अनेक फाल्ट को शुक्रवार को सुधारा गया, फिर भी कुछ शिकायत पेंडिग हैं।

### फसलों को नुकसान, मुआवजा देने की मांग

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, शांतिलाल देवांगन, सेउक पटेल ने बताया कि लगातार बारिश, आंधी एवं ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। धान की फसल पककर तैयार है। ओलावृष्टि के कारण करीब 20 प्रतिशत बालियां झड़ गई हैं। उड़द मूंग की फसल के अलावा भिंडी, बरबट्टी, लौकी, कुम्हड़ा, भाटा, टमाटर को बारिश, ओला से काफी नुकसान पहुंचा है। छग किसान यूनियन ने कहा कि आंधी, ओलावृष्टि और बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। उसका सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### हाउसिंग बोर्ड के एक मकान का उड़ा शेड



हटकेशर हाउसिंग बोर्ड ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के आशीष साहू, मीना, किरण आदि ने बताया कि शाम 5 बजे तेज हवा चलने के दौरान सड़क पर किसी चीज के गिरने की जोरदार आवाज आई। घर से बाहर निकलकर देखा तो मकान के ऊपर लगाया गया टिन शेड हवा में उड़कर नीचे गिर गया था। इस दौरान वहां पर कोई नहीं था वरना गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि हवा तूफान के बाद लाइट गुल हुई। सुबह आठ बजे तक बंद रही। दर्जनों परिवार को अंधेरे में तकलीफ के साथ रात गुजारनी पड़ी। रात में विद्युत विभाग की शिकायत शाखा में फोन उठाने वाला भी नहीं रहा।

# अभी मौसम से राहत की संभावना नहीं

- आगामी तीन दिनों तक प्रदेश में आंधी, बारिश, बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आंधी, बारिश, ओलावृष्टि से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। आगामी तीन दिनों तक मौसम खराब रहेगा। आसमानी सिस्टम में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण तथा द्रोणिका का प्रभाव बना हुआ है। शनिवार को आंधी-तूफान के साथ बारिश, मेघ गर्जन, ओलावृष्टि की संभावना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान पर तीन सिप्नोटिक सिस्टम बने हुए हैं। दक्षिण पंजाब, उत्तरी राजस्थान, पश्चिमी हरियाणा के ऊपर समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। पंजाब से हरियाणा होते हुए उत्तरी केरल तक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान, उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण है। उत्तर-पूर्व राजस्थान, उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए बंग्लादेश तक जा रही है, जो 1.5 किमी ऊपर फैली हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। शनिवार के लिए चेतावनी दी गई है कि प्रदेश के एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चलने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बादल गरजने, बर्फबारी तथा बारिश जारी रहने की संभावना है। 3 दिनों तक प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

### अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरा

मौसम खराब होने से पहले जिले में भीषण गर्मी पड़ रही थी। पारा 43 सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम बदलने के बाद शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पर आ गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 29 से 24 डिग्री पर आ गया है। आगामी तीन दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# सुशासन तिहार का तीसरा चरण पांच मई से

- जिले में 32 शिविर आयोजित होंगे, लोगों को आवेदनों के निराकरण की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



सुशासन तिहार का तीसरा चरण सोमवार पांच मई से शुरू होगा। तीसरे चरण में जिले में 32 समाधान शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी इन शिविरों में दी जाएगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कुरूद विकासखण्ड में 10, धमतरी विकासखण्ड में 8 तथा नगरी और मगरलोड विकासखण्ड में 7-7 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने नोडल अधिकारियों को इन शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित सरपंचों और पंचायत सचिवों को पत्र लिखकर सूचित भी करने को कहा। कलेक्टर ने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को शिविर आयोजन स्थल का पहले ही मौका मुआयना कर जरूरी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने को कहा। शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

कुरूद विकासखंड के जोरातराई, पचपेड़ी, भुसरेंगा, सिहाद, जीजामगांव, चर्रा, चटौद, सिर्री, नारी और कुहकुहा, नगरी विकासखंड के कुकरेल, दुगली, गट्टासिल्ली, सांकरा, सिहावा, घटुला, बेलरगांव धमतरी विकासखंड के अकलाडोंगरी, खम्हरिया, लीलर, खरेंगा, रूद्री, रांवा, परसतराई, भोथली, मगरलोड विकासखंड के खिसोरा, मोहेरा, भेण्डरी, छोटी करेली, शुक्लाभाठा, सिंगपुर, पाहंदा में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सड़क हादसे में मां की मौत, बेटी घायल

- डांडेसरा पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शादी से वापस लौट रहा पटेल परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में मां की मौत हो गई, वहीं उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल है।

अस्पताल पुलिस चौक के अनुसार अनिल पटेल उम्र 41 वर्ष ग्राम संबलपुर थाना डौंडीलोहारा जिला बालोद निवासी अपनी पत्नी रेखा पटेल उम्र 38 वर्ष व बेटी चित्राणी पटेल के साथ बुधवार को मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएस 0885 से शादी में शामिल होने रिश्तेदार के घर बारना आया था। यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद दूसरे दिन गुरुवार की दोपहर तीनों मोटर साइकिल में सवार होकर बारना से नेशनल हाइवे होते अपने घर संबलपुर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम डांडेसरा के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 24 पी 9485 के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की ठोकर से तीनों सड़क पर गिर गए। घटना में रेखा पटेल व चित्राणी पटेल गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं अनिल को भी चोट लगी थी। घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद रेखा पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं चित्राणी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर किया गया है। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव 4 को



**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 मई को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में होगा। कार्यक्रम की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। कार्यक्रम सुबह 10 बजे मंत्रोच्चार के साथ शुरू होगा। पूजा-अर्चना के बाद शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान होगा। मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे महापौर रायपुर करेंगी। विशिष्ट अतिथि रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर और दुधाधारी मठ के पीठाधीश्वर, श्रीश्री 1008 महंत विवेकगिरी महाराज, थानापति गौर कांपा आश्रम मुंगेली, सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी, कोषाध्यक्ष सुधीर बन, महासचिव संजय गिरी, कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन, जिला अध्यक्ष वेदपुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष रमेश पुरी, सचिव योगेंद्र पुरी, प्रचार सचिव हेमंत बन, कपिल पुरी, संरक्षक लील्लार पुरी, चित्रसेन गिरी, हरभूषण गिरी जुटे हुए हैं। इस अवसर पर 2024-25 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

# सोलर कंट्रोल रूम की बैटरी फटी 6 दिन से बोईरगांव के ग्रामीण अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



जनपद पंचायत सदस्य श्रीधन सोम ने नगरी विकासखंड अंतिम छोर ग्राम मेचका के आश्रित ग्राम बोईरगांव का भ्रमण किया। ग्रामवासियों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 27 अप्रैल को रात्रि 9 बजे सोलर कंट्रोल रूम की बैटरी फट जाने के कारण पिछले 6 दिनों से गांव में लाइट नहीं है। इस पर श्री सोम ने उच्च कार्यालय को तत्काल नई बैटरी लगवाने निर्देशित किया। ज्ञात हो कि 2024 में नया सोलर कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया है पर आज तक उस कंट्रोल रूम में बैटरी नहीं लगी है। इस संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया गया। जनपद पंचायत सदस्य श्रीधन ने बताया कि यह गंभीर समस्या है जिसके चलते ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। गर्मी के दिनों में अंधेरे में रहना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# कार नाले में गिरी, सवारों को आई मामूली चोटें



- सोरिद-बागतराई मार्ग पर हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गुरूवार की रात्रि बागतराई मार्ग से गुजर रही कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोगों को मामूली चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम शुरू हुई बारिश के थमने के बाद रात्रि में राजू साहू पिता करण उम्र 34 वर्ष मधुबन नगर दुर्ग निवासी अपने साथी के साथ बोलेरो वाहन से सोरिद से बागतराई मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सोरिद-बागतराई मार्ग पर ट्रेंचिंग ग्राउण्ड मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। वाहन के चारों पहिये ऊपर हो गये। घटना में सवार दोनों युवक कार में फंस गये। जानकारी होने पर आसपास के युवकों ने खराब मौसम होने के बाद भी नाले में उतरकर दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला। घटना में राजू के सोल्डर में चोट लगी है जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं दूसरे युवक को अन्य अस्पताल भेजे जाने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि कार सवार फुल नशे में थे।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने किया अर्जुनी थाना का वार्षिक निरीक्षण

# बीट प्रभारी को दंड, आरक्षक को इनाम व थाना प्रभारी को मिली वार्निंग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





नवपदस्थ एसपी ने निरीक्षण के दौरान बीटप्रभारी को दंड तो आरक्षक को सही जानकारी देने पर इनाम दिया, वहीं अर्जुनी थाना प्रभारी को चेतावनी दी है।

एसपी सूरजसिंह परिहार द्वारा अर्जुनी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने सबसे पहले थाना में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की परेड लेकर सलामी ली। सभी कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया। एएसआई राम साहू एवं आरक्षक अनिल साहू के उत्साहवर्धन के लिए उनकी प्रशंसा की गई। थाने का अच्छा नक्शा बनने के लिए प्रआ भूपेश सिन्हा को नगद इनाम दिया गया। इसके साथ ही बीट सिस्टम की सही जानकारी नहीं देने व विफलता के लिए बीट प्रभारी एसआई लक्ष्मीशंकर मंडलेश्वर को दंडित एवं थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत साहू को चेतावनी दी गई। वहीं सीसीटीएनएस एवं आम पोर्टल में ई-साक्ष्य के संबंध में सही जानकारी देने पर एसपी ने आरक्षक लुकेश ठाकुर को इनाम दिया गया। एसपी ने थाने में दर्ज विभिन्न अपराधों, पेडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग, लंबित प्रकरणों एवं सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों का भी समयावधि में सार्थक निराकरण के लिए थानाप्रभारी को निर्देशित किया गया। कानून के प्रावधान के अनुसार ई-साक्ष्य एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग करने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी ने थाना परिसर, कार्यालय, शास्त्रागार, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष की साफ-सफाई व रखरखाव का निरीक्षण कर थाना प्रभारी व उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आवश्यक पंजियों, ग्राम अपराध पुस्तिका, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टर का निरीक्षण किया। थाने के मालखाने में जाकर जब्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर रखरखाव के लिए निर्देशित किया। पुरूष हवालात व महिला हवालात का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई का अवलोकन किया। विवेचकों के पास लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। बेसिक पुलिसिंग व विजिबल पुलिसिंग के तहत शाम को पैदल पेट्रोलिंग करने, होटल, ढाबा, लाज, बस स्टैंड की चेकिंग, गुण्डा बदमाशों की नियमित चेकिंग करने निर्देशित किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शिकायत लेकर थाना पहुंचे ग्रामीणों की शिकायत सुनका थाना प्रभारी को विधिवत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएसपी मीना साहू, थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू सहित थाने के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## सिहावा में मां अभियान का शुभारंभ, महानदी उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए जुटे हजारों ग्रामीण

# सामूहिक श्रमदान से गूंजा मोर गांव, मोर पानी का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले के सिहावा क्षेत्र में स्थित महानदी के उद्गम स्थल और आसपास के प्राकृतिक परिवेश को सहेजने एवं संवारने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच मोर गांव, मोर पानी को धरातल पर उतारते हुए आज मां अभियान का पहला चरण शुरू हुआ, जिसमें दस ग्राम पंचायतों के दो हजार से अधिक ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर महानदी स्वच्छता की अलख जगाई। फरसियां से प्रारंभ होकर सामतरा, अमाली, संबलपुर, छिपली, नगरी, देवपुर, कर्णेश्वरधाम व गणेश घाट तक चले इस अभियान ने जनभागीदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी गांवों के लोगों ने अपने संसाधनों और सामूहिक श्रम से नदी को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मेगा फाउंडेशन के निर्मल राघवन और श्रीमती सुचिता राघवन, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पर्यटन और रोजगार के अवसरों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री की मोर गांव मोर पानी संकल्पना का उद्देश्य जलस्त्रोतों का संरक्षण कर जल संकट को टालना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। महानदी उद्गम स्थल का संरक्षण इस सोच को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे न केवल भू-जल स्तर में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी गति मिलेगी। धार्मिक पर्यटन के रूप में सिहावा का महत्व और भी बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### मां महामाई मंदिर में आरती और पूजा से हुई अभियान की शुरुआत

अभियान की शुरुआत फरसियां स्थित मां महामाई मंदिर में पूजा-अर्चना और महानदी आरती के साथ की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की। मंदिर परिसर में ही महानदी कुण्ड पर श्रद्धा और समर्पण के साथ आरती का आयोजन किया गया।

### भक्ति, जागरुकता और संकल्प का संगम

इस अवसर पर क्षेत्र की कवयित्री श्रीमती माधुरी कश्यप ने महानदी की महिमा पर भक्तिपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जिससे जनसमुदाय भावविभोर हो उठा। लोगों को वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से मां अभियान के उद्देश्य और संचालन की जानकारी दी गई।

### मां अभियान के वालंटियर्स को मिला सम्मान

फरसियां, सामतरा और गणेश घाट में आयोजित बैठक में ग्रामीणों को महानदी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही श्रमदान में सम्मिलित वालंटियर्स को मां अभियान की लोगो युक्त टी-शर्ट और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन जन-जागरूकता, संकल्प और सहभागिता का प्रेरणास्रोत बना।

## महानदी जागरुकता अभियान कार्यक्रम में बैठने की माकूल व्यवस्था नहीं रही



■ एक कम्पनी के लोग वजन प्रबंधन का प्रचार करते दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा क्षेत्र में महानदी संरक्षण एवं जागरूकता अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता उत्साहजनक रही, लेकिन कुछ व्यवस्थागत पक्षों ने ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में आमंत्रित पत्रकारों एवं भाजपा संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की उपस्थिति तो रही, किंतु उनके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से कुछ असहजता का अनुभव हुआ। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों एवं मंचासीन अतिथियों के लिए बेहतर प्रबंध रहे, वहीं कुछ आमंत्रितजन विशेषकर मीडिया प्रतिनिधि व संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता धूप में खड़े रह गए। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की भव्यता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया था, किंतु कुछ व्यवस्थाएं अंतिम समय में अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पाईं। सत्तारूढ़ भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी इस बात पर असंतोष जताया कि जब मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद थे, तब कार्यकर्ताओं के लिए न्यूनतम व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रशासनिक अमले और आयोजकों को आमंत्रितजनों के लिए पूर्व से व्यवस्था करनी चाहिए थी। जिलाधीश ने इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में आमंत्रितजन आने से कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां आ गईं, किंतु आगे से इस तरह की परिस्थितियों से बचने का पूरा प्रयास रहेगा। मीडिया और सभी आमंत्रितगण आयोजन का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका सम्मान आयोजन की प्राथमिकता में रहेगा।

## अंचल की खबरें

### सिवनीकला के उज्ज्वल का अग्निवीर में चयन



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी उज्ज्वल पिता हेमंत गंजीर का चयन अग्निवीर में हुआ है। उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, टेकराम साहू जनपद सदस्य, सुरेश तारक ग्राम पटेला, उत्तम साहू, विकास साहू, लक्की, विक्की, प्रियांश, नरेश गंजीर, ईश्वर साहू पूर्व सरपंच, दुलीचंद साहू अध्यक्ष, गंभीर, बिसहत, अंजोर, ईश्वर, जनक, दुर्गेश, जगन्नाथ, जागेश्वर, चेतन मौजूद थे।

### उजरावन में अक्ती का पर्व मनाया गया



**नगरी।** अक्ती का पर्व ग्राम उजरावन में पूरे रीति-रिवाज से मनाया गया। परंपरागत गुड्डा-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई गई। बच्चे दो दिन पहले मंडप सजाने में जुटे रहे। बच्चों ने तोरण से आंगन को सजाया था। मंगलवार को चुलमाटी से विवाह की शुरुआत हुई। बच्चे मंडप पर बाजे-गाजे के साथ थिरकते नजर आए। परंपरा अनुसार गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराई गई। गोवर्धनभाटा नगरी में तेलमाटी के लिए पहुंचे थे। मौके पर फूलबाई कुंजाम, रितेश्वरी, दुर्गा, हेमिन, परमेश्वरी कुंजाम, सिनेश्वर, रुपेन्द्र कुमार, देवगन सिंह कुंजाम, दुलचन्द कुंजाम, नवलु कुंजाम, दुर्गा, रितेश्वरी, हेमिन, जीविका, रुपेन्द्र कुमार, सीनेश्वर, तुलेश्वरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मंडप सजाकर निभाई शादी की रस्म



**सिर्री।** अक्षय तृतीया का पर्व चिंवरी में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गुड्डे गुड़ियों का विवाह कराया। हल्दी, संगीत में सभी झूमते नजर आए। शादी की रस्म रिवाजों को ध्यान में रखकर डीजे, धुमाल के साथ बारात निकाली गई। मंडप सजाकर रस्म निभाई गई।

### मड़ाईभाठा में हुई ग्राम के देवी देवताओं की पूजा



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम मड़ाईभाठा में अक्ती तिहार मनाया गया। ग्राम के देवी देवताओं की पूजा की गई। ग्राम देवी, ठाकुर देव, सहाड़ा देवता को ग्राम रक्षक भी कहा जाता है। विधि पूर्वक पूजा-अर्चना ग्राम के बैगा यशवंत निषाद, राजेश निषाद द्वारा की गई। ग्रामीणों ने ठाकुर देव में पलास के पत्तों से बने दोना में धान चढ़ाया। देवता को भोग लगाया गया। मौके पर सरपंच चंद्रेश चांद, नंदराम ध्रुव, मुरारी यदु, रमन पारकर, हीरा निषाद, गणेश यदु, कैलाश राव, कमलेश यदु, मिलाप साहू, अवध ध्रुव, डेरहा साहू, रामधनी ध्रुव, जोहन प्रजापति, रमेश यदु, कन्हैया, रामू साहू मौजूद थे।

### बगदेही में बच्चों ने मनाया अक्ती तिहार



**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम बगदेही में अक्ती तिहार मनाया गया। बच्चों ने गली मोहल्लों में मंडप सजाकर गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई। विधि विधान के साथ तेल, मायन, टिकावन किया गया। बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई। इस आयोजन में सरपंच अनुसुइया ध्रुव ने शामिल होकर बच्चों को उत्साहित किया। मौके पर मधु साहू, अनीता साहू, इंदु साहू, निधि साहू, ममता साहू, अहिल्या साहू, निधि साहू, सुनीता पटेल शामिल रहे।

### मंडप सजाकर गुड्डे-गुड़ियों का रचाया गया विवाह



**अंवरी।** भैंसबोड़ में अक्षय तृतीया पर्व की धूम रही। छोटे बच्चों ने परंपरागत गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई। चुलमाटी से विवाह की शुरुआत हुई है। बच्चे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। भैंसबोड़ में अक्षय तृतीया के दो दिन पूर्व बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह की तैयारी में जुटे थे। परंपरा अनुसार बाजे-गाजे के साथ बच्चे सिर में बांस से बने पर्रा लेकर चुलमाटी लेने निकले। तेल, मायन व बारात की रस्म निभाई गई। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म के अनुसार विवाह के लिए शुभ माना जाता है। भैंसबोड़ के टिकरापारा के शिवमन्दिर एवं अन्य जगहों में डिगेश्वरी, हर्षिता, रोशनी, रूपेश्वरी, अंजलि, कौशल, श्रुति, नीलिमा, भावना, गौरी रेशमा, पायल, तारणि, डिंपल, एकता सहित बड़ी संख्या में लोग नाचते गाते दिखाई दिए। कुम्भकरण साहू, मनहरण, दिलीप एवं बैसाखूराम ने बताया कि अक्ती पर्व पर हर साल गुड्डे-गुड़ियों का विवाह मंडप सजाकर रचाते हैं। यह कार्यक्रम तीन दिन पूर्व से शुरू करते हैं। पहले दिन चुलमाटी, दूसरे दिन तेल, हल्दी मायन और बारात तथा टिकावन की परंपरा निभाते हैं।

■ भैंसबोड़ में धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

## खबर संक्षेप



### खुदूरपानी में बीज बोनी की परंपरा निभाई गई

**नगरी।** इस वर्ष भी ग्राम सभा खुदूरपानी में अक्ती पर्व पर बीज बोनी एवं बच्चों देवरा चौक के सामने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया गया। मुख्य निर्देशन नंदिनी साहू एवं महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा नर्सरी में बीजों का रोपण किया गया। वन प्रबंधन एवं संसाधन समिति द्वारा नर्सरी तैयार कर रख-रखाव की जिम्मेदारी ली गई है। मौके पर ईश्वरलाल नागे, शत्रुघन यादव, संतोष कुमार मरकाम, माधो चिंडा, भुनेश्वरी साहू, ओम बाई मरकाम, सावित्री यादव, अहेरबसी मरकाम, नीता बाई, सरिता बाई कमार मौजूद थे।

### 9वीं में झरना ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**सिर्री।** शाउमावि सिर्री की कक्षा 9वीं की छात्रा झरना साहू पिता किशनलाल साहू ने 90.33 प्रतिशत प्राप्त किया। इससे परिजनों में खुशी है। स्कूल स्टाफ समेत अनेक लोगों ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।



### अंकिता 5वीं में रहीं अव्वल

**सिर्री।** ग्राम बकली निवासी अंकिता पिता लीलेश्वर देवांगन ने कक्षा पांचवीं में 89.59 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। वह भारत माता विद्यालय बकली में पढ़ाई कर रही थीं। परिजनों सहित शिक्षकों, ग्रामीणों में खुशी है। सभी ने अंकिता के उज्वल भविष्य की कामना की है।



### जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने राजेश

**मगरलोड।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर शासकीय महाविद्यालय मगरलोड का जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश साहू कृषि सभापति को बनाया गया है।

## संकुल केंद्र बेलौदी में शिक्षकों को दी गई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल संकुल केंद्र बेलौदी में विदाई समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत व्याख्याता इतिहास वासुदेव ठाकुर शाउमा विद्यालय बेलौदी, लखन लाल धीवर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला खैरझिटी, सियाराम साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बेलौदी और विशिष्ट अतिथि मीना साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, विरेंद्र साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड, सीता साहू सरपंच, मनीष ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी मगरलोड, तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी मगरलोड थे।

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने विदा होने वाले शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में दिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया। तत्पश्चात विदा हो रहे सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मान किया।

मौके पर संकुल समन्वयक घनश्याम साहू, व्याख्याता रुपकुमार ध्रुव, दानिक यादव, कमलेश साहू, धीरज देवांगन, शैलेन्द्र पारीख, टुमेश्वर साहू, बालेन्द्र साहू, संतोष सिन्हा, राजेंद्र साहू, खिलेश्वर कश्यप, ओम प्रकाश साहू, सीमा साहू, मनोज साहू, नोहर कंवर समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे। संकुल प्राचार्य अशोक पटेल ने विदा हो रहे शिक्षकों के स्वस्थ जीवन की कामना की।

## मजदूर दिवस पर राजमिस्त्रियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

मजदूर दिवस पर राजमिस्त्री संघ कुरूद द्वारा आयोजित मजदूर सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने श्रृजनकर्ता श्रमिकों का सम्मान किया।

1 मई को आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने कहा कि मजदूर के बिना किसी भी विकास की कल्पना बेमानी है। आधुनिक कलपुर्जे और विद्युत शक्ति से चलने वाली मशीनों के आ जाने के बावजूद मानव श्रम का महत्व कम नहीं हुआ है। गांव से लेकर नगर और शहर तक जो विकास दिख रहा है उसमें मजदूरों का पसीना लगा है। मौके पर राजमिस्त्री संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, तोमन सोनबेर आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।



## हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति ने की मुक्तिधाम की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

मजदूर दिवस पर हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए नगर पंचायत नगरी के मुक्तिधाम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, ललित शर्मा, चमन साहू, बिल्लू निर्मलकर, रूपेंद्र साहू, देवेन्द्र परिहार, राज कुमार, गुलाब देवांगन, दयाशंकर साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मुक्तिधाम की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया।

## शिक्षा पेशा नहीं, समाज सेवा का माध्यम है

■ भनसुली के प्राचार्य लीलाशंकर को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली में जून 2013 से सेवा दे रहे प्राचार्य लीला शंकर सूर्यवंशी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। 13 साल तक सेवा दी। उनके सम्मान में स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने न केवल छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान प्रदान किया, बल्कि जीवन जीने की कला, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से भी परिचित कराया। शिक्षा को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम माना। उनके मार्गदर्शन में अनेक छात्र-छात्राएं जीवन में सही दिशा प्राप्त कर समाज में अपना स्थान बना चुके हैं। मौके पर स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीणों उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्राचार्य लीलशकर सूर्यवंशी ने ग्राम के सामाजिक कार्यों की सराहना करते उन्हें सम्मान स्वरूप लाइट भेंट की। उन्होंने कहा कि यह प्रकाश सिर्फ गांव के बच्चों में ज्ञान की लौ जलाने तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि नवयुवक मंडल के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। लीलाशंकर सूर्यवंशी ने अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत उच्च श्रेणी शिक्षक 1985 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पडियाल जिला धार मध्यप्रदेश से की थी। उनका स्थानांतरण 1988 में छत्तीसगढ़ के पखांजूर ब्लॉक में हुआ। उसके बाद 2013 में प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली में अपनी सेवाएं देते हुए 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत हुए।

कार्यक्रम में सरपंच अंजना ध्रुव, ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष कृष्णा मारकोले, महेश पुजारी, जगदेव सोम, मोहन पुजारी, मंशा, राजेंद्र, गुरूराम, शेष नीलांबर, नारायण पुजारी, दुष्यंत पुजारी, तोषन साहू, लखन पुजारी समेत छात्र-छात्राएं, पालकगण, स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### ब्राम्हण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव

# वैदिक मंत्रोच्चार से हुई भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरूर(धमतरी)



गुरूर तहसील के ब्राम्हण समाज ने भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया। यह आयोजन गुरूर के काल भैरव देउर मंदिर किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व सनातनियों के आदर्श हैं क्योकि उन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की। अन्याय के विरूद्ध शस्त्र उठाकर न्याय को स्थापित किया। अधिवक्ता सरेन्द्र तिवारी ने कहा कि ऋषि जमदग्नि व माता रेणुका की संतान परशुराम का सम्पूर्ण जीवन पूरे समाज को धर्म रक्षा हेतु शास्त्र व शस्त्र दोनों में पारगंत होने की प्रेरणा देता है। शास्त्र हमारे जीवन में अनुशासन को व शस्त्र अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की शक्ति प्रदान करता है। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज के कुलश्रेष्ठ हैं। एक ब्राह्मण का जीवन केवल समाज ही नहीं अपितु पूरे मानव जाति हेतु समर्पित होता है।

काल भैरव देउर मंदिर के आचार्य सुरेश पांडेय ने पूजन अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश दीवान, हिन्दू संगठन के दुर्गादत्त मिश्रा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर कैलाश शर्मा, गिरेन्द्र शर्मा, राजकुमार पांडेय, मनोज शर्मा, बालमुंकुद शर्मा, भारत शर्मा, लिखिल पांडेय, वेदांत शर्मा, विराट शर्मा, राहुल शर्मा, शीला शर्मा, अनीता पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, रामकली शर्मा, रंजु शर्मा, संगीता दीवान, पुष्पा शर्मा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



## पांचवीं में देवेश, आठवीं में साक्षी अव्वल

**धमतरी।** मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में कक्षा 5वीं और 8 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 5वीं में प्रथम देवेश साहू पिता तोषण 91 प्रतिशत, द्वितीय कुमकुम ध्रुव पिता मोहित 90 प्रतिशत, तृतीय परिधि तिवारी पिता जितेन्द्र ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में प्रथम साक्षी साहू पिता विनय 86.17 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी देवांगन पिता रामगोपाल 83 प्रतिशत, तृतीय सादिया खान पिता सुहेल अशरफ ने 75.15 अंक प्राप्त किया। प्राचार्य लक्ष्मी रावटे ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कक्षा 5वीं एवं 8वीं का केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर शिक्षकगण लीला साहू, मोहन साहू, नूरेन्द्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, शारदा भुसाखरे, सरिता नेताम, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भुखिन ध्रुव उपस्थित थे।

## पीएमश्री कठौली में बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा



**सिर्री।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। कक्षा चौथी में रागिनी निषाद कक्षा 91 प्रतिशत, तीसरी में यवनीश जांगड़े 90 प्रतिशत, दूसरी में जान्हवी साहू 93 प्रतिशत, कक्षा पहली में हर्ष कुमार निषाद 94 प्रतिशत प्राप्त कर सफल हुए। शाला प्रबंधन समिति द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर सरपंच खेमराज साहू, एसएमसी अध्यक्ष राजकुमार निषाद, ओमराम साहू प्रधानपाठक , ललित कुमार साहू सदस्य, शिक्षाविद छबिलाल साहू, सदस्यगण उमा साहू, भादूराम साहू, याददास मानिकपुरी, शिक्षकगण ऋतुराज बसंत, यशवीर जांगड़े, सुरेश साहू, दीपक साहू, लोकेश कुमार साहू उपस्थित थे।

## जातिगत जनगणना होना राहुल की जीत : विशु

**धमतरी।** केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना करवाने के फैसले पर नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने इसे देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के मुद्दे की जीत बताया है। आगे कहा कि लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे पर सामाजिक न्याय व समानता की दिशा में उठाए गए मजबूत और सतत प्रयास के साथ सड़क से लेकर संसद तक उठाई गई आवाज का परिणाम हैं। जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषय को न केवल संसद में बल्कि जनमानस के बीच भी गंभीरता से कांग्रेस पार्टी के संघर्ष के कारण केंद्र सरकार को जनहित में यह निर्णय लेने पर विवश होना पड़ा।

### शिक्षा केवल किताबों से नहीं बल्कि जीवन के अनुभव से मिलती है : गीतेश्वरी

# निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक शिविर का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक व करियर मार्गदर्शन शिविर का शुभारम्भ गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने किया। प्रथम दिवस सिलौटी, जोरातराई व तर्रागोंदी स्कूल के साथ साथ निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू (शिक्षक), संरक्षक भोलाराम साहू, शाला समिति सिलौटी अध्यक्ष दुलार सिन्हा, सरपंच अनिल राव, प्राचार्य व सलाहकार दयालुराम साहू, शिक्षकगण डावीण साहू, रविशंकर सेन,मिलेश साहू, लोकेश साहू, गोपाल साहू, लिकेश साहू, मिथलेश,थानूराम साहू, दुर्गेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों से नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव से भी प्राप्त होती है। उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके नैतिक और बौद्धिक विकास पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल परीक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना चाहिए।

गौरतलब है कि साहू समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 1 मई से 10 जून तक प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। जिसमें 9वीं से 12वीं अध्ययनरत विद्यार्थियों को विषयगत पढ़ाई के साथ साथ स्पोकन इंग्लिश, धर्म आध्यात्म, नैतिक शिक्षा,जीवन विद्या,राष्ट्रीय मूल्यों की शिक्षा, संस्कार, नवोदय विद्यालय, प्रयास विद्यालय, प्रतिभा खोज आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। सप्ताह में एक दिन प्रशासनिक अधिकारियों का प्रेरणात्मक प्रबोधन भी होगा।

# धमतरी जिले के 265 लोगों को तीर्थयात्रा करने का मिलेगा मौका

- महापौर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर रामू रोहरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शासन द्वारा प्रदेशवासियों को तीर्थ स्थलों के दर्शन हेतु योजना प्रारंभ की गयी है, इसका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले ।उन्होंने बताया कि पूर्व में इस योजना के तहत वरिष्ट नागरिक और दिव्यांगों को शामिल किया जाता था। इस बार सरकार ने नियम को और अधिक सरल करते हुए विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को भी शामिल किया है।

श्री रोहरा ने कहा कि यात्रा पर जाने वालों को चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष धमतरी जिले के लिए तीर्थ यात्रा का लक्ष्य 265 दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदन निर्धारित 2 प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा, जो हिन्दी में स्पष्ट रूप से भरा गया हो। इसके साथ ही नवीनतम रंगीन पासपोर्ट फोटो भी संलग्न करना होगा। निवास सत्यापित करने हेतु आधार, राशन, ड्राइविंग लायसेंस, मतदाता पहचान पत्र अथवा राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य अन्य को प्रमाण अथवा अभिलेख संलग्न करना होगा। इसके साथ ही मोबाइल नंबर भी आवेदन पत्र में देना अनिवार्य होगा। लिफाफे में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही जिस वर्ष जिस स्थान के लिए यात्रा करनी है, उसका भी उल्लेख करना अनिवार्य होगा। 65 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है, उन्हें एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी, जिसकी आयु 21 से 50 वर्ष हो। आवेदक को अपने नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायत अथवा ग्राम पंचायत में या जिला कार्यालय समाज कल्याण द्वारा निर्धारित स्थान पर आवेदन प्रारूप समय सीमा में प्रस्तुत करना होगा।

# शिवशक्ति महायज्ञ के पहले दिन निकली कलशयात्रा

- गोजी में आयोजित महायज्ञ में पहुंचे दूर-दूर से साधु संत



**सिर्री।** ग्राम गोजी में विश्व शांति हेतु 2 से 4 मई तक आयोजित 24 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ के प्रथम दिवस ग्रामवासियों के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के अलावा वृंदावन काशी, मथुरा, मध्यप्रदेश के साधु संत कलश यात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा और भी अन्य जगहों से साधु संत पधारे हुए हैं।

डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। गोजी के अलावा मौरीकला, कठौली, धूमा , नारी, संकरी आदि ग्रामों के श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। उमेशानंद गिरि महाराज के सानिध्य में आयोजित 24 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ के द्वितीय दिवस 3 मई शनिवार को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कुरूद अजय चंद्राकर उपस्थित होंगे। कलश यात्रा में डॉ बरातु साहू, देवलाल पाल , इंद्र नारायण साहू, थानेश्वर तारक अधिवक्ता, तुकाराम ,पोखराज, जयमित्र साहू सरपंच, भेपेंद साहू ,जलाल साहू, दौलत राम, उमेश संजय, युवराज, तेजराम, माखन, मोहन, धनसिंह, रामनाथ, संतोष साहू, भूषण, संतोष साहू, लीलाधर, गोविंद, तेजराम, गोविंद, तेजराम हेमलाल ,ठाकुर राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

# नपं अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ की बदौलत नगर में चल रहे विकास कार्यों की दशा और दिशा ठीक रखने के उद्देश्य से नपं अध्यक्ष विभिन्न वार्डों में जारी निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर संबधित अधिकारी और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने का निर्देश दे रही हैं।

शुक्रवार को कुरूद नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 और वार्ड 10 के सड़क निर्माण कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने निरीक्षण किया। कुछ जगहों में वार्डवासियों की मांग पर रोड को आगे बढ़ाने के लिए इंजीनियर को आदेशित किया। इस बीच उन्होंने कुछ नये कार्यों का भूमिपूजन किया और नगर की पेयजल एवं सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने नागरिकों से सुझाव भी लिए। श्रीमती चन्द्राकर ने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में विस्तार के लिए नागरिकों से सलाह लेंगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षद राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, सितेश सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, प्रभात बैस, भोजराज चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, संतोष बैस, रोमन देवांगन, अर्जुन चन्द्राकर, भूपेन्द्र, छोटू, खेदन यादव, बिसहत बैस, खेदन तिवारी, टेकू साहू, भोजराज सिन्हा उपस्थित थे।

# मोंगरा प्रा.मा.स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



**कुरुद।** प्राथमिक व माध्यमिक शाला मोंगरा में परीक्षा परिणाम की घोषणा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू, माध्यमिक शाला के अध्यक्ष ओमकार साहू ,संकुल समन्वयक विशेंद्र कुमार तिवारी, पालकगण नरेन्द्र साहू, होगेन्द्र साहू, भैयाराम साहू, पुनेश्वर साहू, यशवंत साहू, रोशनलाल साहू व पालकगणों की उपस्थिति में की गई। कक्षा पहली में प्रथम गौरव ध्रुव, द्वितीय भावना, तृतीय खुशी, कक्षा दूसरी में कीर्तिका प्रथम, कुणाल द्वितीय, खुमेन्द्र तृतीय, कक्षा तीसरी में मोहित कुमार प्रथम, परिधि द्वितीय, यानमिका यादव तृतीय, कक्षा चौथी में तारिणी प्रथम, द्वितीय प्रक्षा साहू द्वितीय, पार्वती साहू तृतीय, जीतप्रकाश साहू तृतीय, कक्षा छटवीं में झरना साहू प्रथम, उपासना विश्वकर्मा द्वितीय सचिदानंद तृतीय ईशा तृतीय, कक्षा सातवीं में टोकेश्वरी प्रथम,लीलेश्वरी द्वितीय श्वेता साहू तृतीय रही। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय आने वाले बच्चों को इनाम दिया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक भागवत साहू, शिक्षकगण श्रीमती पुष्पलता बैस, श्रीमती मंजुलता साहू, श्रीमती रोहिणी साहू, श्रीमती वर्षा शुक्ला, शिक्षक रामनारायण ध्रुव, प्रफुल्ल कुमार के अलावा पालकगण उपस्थित थे।

# मेहनत एक ऐसी चाबी है जो सफलता के द्वार खोलती है : एसएस



- हाईस्कूल बोड़रा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय हाई स्कूल बोडरा में कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रथम पूरब कुमार सिन्हा पिता रूपनारायण सिन्हा, द्वितीय रूपाली कंवर पिता चिंता राम कंवर, तृतीय भेमेश्वरी साहू पिता दानी राम साहू तथा दीविका कंवर पिता होमप्रकाश कंवर रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 52.94 प्रतिशत रहा। 51 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थी सफल हुए। 18 को प्रथम श्रेणी, 6 को द्वितीय श्रेणी और 3 विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी मिली। एसएमडीसी अध्यक्ष हिरंजय साहू ने कहा कि बच्चे कामयाब होने के साथ साथ काबिल भी बने। परीक्षा प्रभारी केके साहू ने कहा कि यह वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है। संस्था प्रमुख एसएस साहू ने कहा कि मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त होती है ।

मेहनत एक ऐसी चाबी है जो सफलता के द्वार खोलती है। असफल हुए विद्यार्थियों से कहा कि यह परिणाम जीवन का अंतिम परिणाम नहीं है। पुनः कड़ी मेहनत करें। सफलता जरूर मिलेगी।

मंच संचालन व्याख्याता टीके साहू ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डॉ राजेंद्र साहू, सदस्य टेकराम साहू, उपसरपंच योगेश्वर वर्मा, व्याख्याता एचके बंसोर एवं केएल साहू ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की ।

# नूतन इंग्लिश स्कूल के 9वीं में आशना, 11वीं में याशी प्रथम



आशना



याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नूतन इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी से चौथी तथा कक्षा 6वीं से 7वीं तक का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं का परिणाम 82.5 प्रतिशत एवं 11वीं का 77.5 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम आशना गहोई 92.5 प्रतिशत, द्वितीय ओम गोविंद देवांगन 88.16 प्रतिशत तथा तृतीय ओम गोपाल 83.16 प्रतिशत देवांगन रहे। कक्षा 11वीं में प्रथम याशी राजपूत 93.8 प्रतिशत, द्वितीय हर्षिता लालचंदानी 86.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर पूनम देवांगन 81.8 प्रतिशत पर रहीं। समिति के सदस्य एवं प्राचार्या नम्रता पाठक ने सभी मेधावी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# मौरीकला में मजदूरों का सम्मान, बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम मौरीकला में 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया। सरपंच वीणा रोहित साहू द्वारा गांव के मजदूरों को गुलाल लगाकर सम्मान करते हुए श्रीफल भेंटकर मिठाई बांटी गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मजदूर ही देश के विकास की नींव रखते हैं। बड़े बड़े उद्योग धंधे आदि की मजबूती और विकास में मजदूरों का काफी सहयोग रहता है। इस अवसर पर पंचगण, रोजगार सहायक, मजदूर एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक से मिले नगारची समाज के पदाधिकारी



**कुरूद।** आदिवासी नगारची समाज परिक्षेत्र कुरुद के पदाधिकारियों ने कुरुद विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर स्थित उनके निवास में मुलाकात कर आदिवासी नगारची समाज के लिए भवन की मांग की। इस मांग पर विधायक ने मंजूरी दी है। इस अवसर पर अध्यक्ष कालीचरण नगारची, उपाध्यक्ष बृजलाल नगारची, कोषाध्यक्ष डोमन नगारची, सचिव टीकाराम नगारची, संरक्षक छत्रपाल नगारची, सदस्य भागवत नगारची, अरख राम नगारची, श्रवण नगारची, बंशी नगारची, राजू नगारची, कृष्ण कुमार नगारची, राजेंद्र नगारची, चेतन नगारची उपस्थित थे।

# धमतरी शहर के सभी 22 तालाब संवरेंगे

- गंगरेल बांध, सीवरेज प्लांट के फिल्टरयुक्त पानी से तालाबों को लबालब भरा जाएगा
- आठ साल में 13 तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए सात करोड़ खर्च हो चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगरपालिक निगम के महापौर रामू रोहरा, एमआईसी मेंबर विजय मोटवानी ने बताया कि शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार है। अब शहर का भरपूर विकास होगा। पेंडिंग कार्य पूर्ण होंगे। अमृत मिशन योजना के तहत शहर के सभी 22 तालाबों का सौंदर्यीकरण होगा। निस्तारी के लिए गंगरेल बांध, सीवरेज प्लांट के फिल्टरयुक्त पानी से तालाबों को लबालब भरा जाएगा, ताकि तालाब 12 माह पानी से भरा रहे और निस्तारी की समस्या न हो।

वर्तमान में शहर के 9 तालाबों का सौंदर्यीकरण हो चुका है। चिन्हांकित कुछ तालाबों का प्राथमिकता के आधार पर विकास और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर चार करोड़ का प्रावधान किया गया है। राज्य परिवर्तित योजना अंतर्गत तालाबों का सौंदर्यीकरण व विकास कार्य किया जाएगा। कांटातालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, चौपाटी विकास कार्य के लिए पृथक से तीन करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। नाचन क्षेत्र के लिए पांच करोड़ का प्रावधान है।

उल्लेखनीय है कि बीत आठ साल में 13 तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए सात करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है। शेष 9 तालाबों के लिए निगम सरकार कार्ययोजना बनाकर शासन को प्रस्ताव भेज चुकी है जिसकी स्वीकृति अति शीघ्र हो जाएगी। तालाबों के चारों ओर सेफ्टीवाल, पचरी, गार्डन, खेल, कुर्सी, ओपन जिम, किनारे में पाथवे, लाइट, गेट, बच्चों के गेम्स, मशीनरी आदि की सुविधाएं रहेंगी। वॉचमेन की नियुक्ति 24 घंटे के लिए होगी। असामाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरा, लाइट की व्यवस्था रहेगी।

एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी ने बताया कि बीते आठ साल के अंदर रमसगरी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 81.10 लाख रूपए खर्च हो चुके हैं। दीवान तालाब में 40.84 लाख, मकई तालाब के लिए 1.33 करोड़, शीतला तालाब 68 लाख, सुबन तालाब 13 लाख, बनियातालाब में 19.06 लाख खर्च हो चुके हैं। कुछ अन्य तालाबों का अस्तित्व बचाने लाखों खर्च किए गए हैं। शहर के तालाब अब सुरक्षित और संरक्षित हैं। तालाबों में इनलेट, आउटलेट बनाया जायेगा, ताकि पानी की आवाजाही बनी रहे।



## खबर संक्षेप



### बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

**धमतरी।** अक्ती पर्व के अवसर पर ग्राम बारना में गुड्डे गुड़ियों का विवाह धूमधाम से कराया गया। पूरे मुहल्ले में निमंत्रण दिया गया। मंडपाच्छादन तेल, मायन, बारात स्वागत की छत्तीसगढ़ी परम्परा निभाई गई। मायन के दिन डीजे की धुन पर बच्चे खूब नाचे। टिकावन में आने वालों को खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस आयोजन में साक्षी साहू, दामिनी, मुस्कान साहू, खुशी साहू, केशरी, बिसरी, मैना, टेमिन, पर्वत, मेघराज, सुब्बू साहू का योगदान रहा।

### राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार संघ ने मनाया मजदूर दिवस



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार श्रमिक संघ द्वारा ग्राम बागरूमनाला में राजमिस्त्री, रेजा, कुली का सम्मान कर मजदूर दिवस मनाया गया। अध्यक्ष तिलक देवांगन ने मजदूरों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान पर अपने विचार रखे। उन्होंने मजदूरों को एकता बनाए रखने एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बंशी साहू, चंदू, अनिल सूर्यवंशी, भारत कोर्राम, अनिल, संतोष, राजेंद्र, कृष्णा, राजेश, रुपेश उपस्थित थे।

### अग्रवाल महिला सम्मेलन ने छाछ का वितरण किया



**धमतरी।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा तपती धूप में रायपुर रोड शिव मंदिर के पास छाछ का वितरण किया गया। अध्यक्ष श्रीमती सरोजबाला अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन कुछ ना कुछ सेवा कार्य करता ही रहता है। मौसम के अनुरूप वह अपनी सेवाएं जरूरतमंद लोगों को देता रहता है। इसी संदर्भ में छाछ का वितरण किया गया। 700-800 लोगों ने छाछ पीकर गर्मी में राहत की प्राप्ति की। इस कार्यक्रम में वीणा गोयल, ललिता अग्रवाल, मनीषा मित्तल, संगीता गोयल भी उपस्थित थे।

### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 मई को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में रखी गई है। बैठक में पेंशनरों का जन्मदिन एवं नये सदस्यों का सम्मान किया जायेगा।

### समाजजनों ने आतिशबाजी कर मनाया महोत्सव, नागरिकों ने किया स्वागत

# भगवान परशुराम की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भगवान परशुराम जयंती महोत्सव अंतर्गत ब्राम्हण समाज ने शुक्रवार की शाम 6 बजे शहर के मुख्य मार्ग में अष्टधातु से निर्मित भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली। परशुराम जी को पालकी में सवारकर समाजजनों ने कंधे में लेकर जयकारे लगाए। पालकी को फूलों और रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया था। पालकी के सामने समाज की महिलाएं समाज का झंडा लेकर चली रही थीं। युवा भजन गाते चल रहे थे। बैंडबाजे और डीजे की धुन पर सुमधुर भक्ति संगीत चल रहा था। छोटे बच्चे भजन की धुन में थिरकते नजर आए। समाज की महिलाएं लाल, केसरिया, पीला परिधान में कतारबद्ध चल रही थीं। समाज के वरिष्ठजन एवं पुरूष शोभायात्रा की पहली पंक्ति में थे। रास्ते में आतिशबाजी का दौर रहा। शोभायात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी शामिल होकर भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा का शहर के मुख्य चौक चौराहों में विभिन्न वर्ग



के लोगों ने स्वागत किया। भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना आरती पश्चात आशीर्वाद लिया एवं प्रसादी ग्रहण किया। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान, शरबत, हलवा, पोहा, पानी की व्यवस्था नागरिकों ने की थी। शोभायात्रा के पूर्व घड़ी चौक में 10 फीट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने सर्वसमाज द्वारा महाआरती की गई। पुष्पवर्षा कर भक्तों ने आशीर्वाद लिया, प्रसादी ग्रहण किया। 30 मिनट तक आतिशबाजी हुई। सर्वसमाज के वरिष्ठ एवं ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे, जिसमें परशुराम के जीवन प्रसंग को सुनाया। महाआरती पश्चात शोभायात्रा बालक चौक, गोल बाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, सदरबाजार, गणेशचौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची, जहां समाजजनों ने माता की पूजा-अर्चना आरती की। प्रसादी के बाद पालकी यात्रा का समापन किया गया। पालकी यात्रा के दौरान ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं, बच्चे, युवा सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक शामिल रहे।





# श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत शंकरदाह में बोरे बासी दिवस मनाया गया। सरपंच श्रीमती रमी गौतम ने बताया कि श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के साथ बोरे बासी दिवस मनाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस परंपरा की शुरूआत की थी तबसे ग्रामवासी इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस आयोजन में कांग्रेस युवा नेता गौतम वाधवानी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बोरे बासी विटामिन से भरा भोजन है। मजदूरों के भोजन में बोरे बासी एक महत्वपूर्ण आहार है। यह गर्मी में शरीर को ठंडा रखता है। मौके पर पूर्व सरपंच कली बाई ध्रुव, देवेंद्र देवांगन, नरेश कुमार ध्रुव, लेखराम साहू, मुरली ध्रुव, भानुप्रताप नेताम, कंवर सिंह, मीना बाई ध्रुव, गीता बाई ध्रुव, चंद्रकला ध्रुव समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# जेनेसिस कॉलेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर ऐजुकेशन में सत्र 2024-25 का दूसरा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 28 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है, जो 3 मई तक चलेगी। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रथम वर्ष के सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है, जिसमें बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा में बी.कॉम से आदित्य पंजवानी, भूमि सोनकर, चिराग चावला, बीसीए में रश्मि ध्रुवंशी, प्रियांशी सुखवानी, राज बंगानी, नितिन कुमार तथा बीबीए में लोमश, शुभम यादव, गोपेन्द्र सिन्हा, डोमेश कुमार तथा ओसैद कुरैशी ने भाग लिया। जेनेसिस कॉलेज के प्राचार्य शिरोमणि सोनी ने बताया कि आंतरिक मूल्यांकन के अंक मुख्य परीक्षा में जोड़े जाते हैं इसलिए सभी छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं।

# स्वयंसेवक लगाएंगे समर कैंप

**कुरुद।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की पढ़ाई को सतत बनाए रखने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी समर कैंप की पहल की गई है। इसके तहत धमतरी जिले के सभी ब्लॉक से अभी तक 120 से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण में उन्हें रोचक शिक्षण विधियां, कहानी सुनाने की कला व भाषा की मूल बातें सिखाने के सरल तरीके तथा खेलों के माध्यम से पढ़ाई कराने की तकनीकें सिखाई गईं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये सभी वालंटियर अपने-अपने गांवों में पांचवीं से छठवीं कक्षा में जाने वाले बच्चों को प्रतिदिन दो घंटे पढ़ाएंगे। यह शिक्षण कार्य आगामी छह सप्ताह तक चलेगा, जिसका उद्देश्य बच्चों को अगली कक्षा के लिए तैयार करना और छुट्टियों में खेल-खेल में पढ़ाई से जोड़े रखना है। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रथम अरोरा शिक्षण कुरूद के मोतीलाल देवांगन ने बताया कि यह पहल न केवल बच्चों की शैक्षणिक नींव मजबूत करेगी, बल्कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक योगदान देने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# मुजगहन में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अक्षय तृतीया पर्व पर विप्र ब्राम्हण समाज मुजगहन ने अपने अराध्य देव भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया। समाजजनों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कर आरती की गई। ग्राम मुजगहन में विप्र ब्राम्हण समाज के समुदायिक भवन हेतु भूमिपुजन किया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, कमलनारायण तिवारी, मुरारी प्रसाद तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, द्वारिका तिवारी, हरिनारायण तिवारी, सुदेश दीवान, भूपेंद्र मिश्रा, विक्रांत शर्मा,



पीयूष पाण्डेय, शिव शर्मा, श्याम तिवारी, डा संजय तिवारी, राजकुमार तिवारी, संतोष तिवारी, सुलेखा तिवारी, प्रेमलता तिवारी, सीमा चौबे, ज्योति तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, प्रभा तिवारी, अंजु तिवारी समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# हरित क्रांति से हमारा खाद्यान्न उत्पादन 330 मिलियन टन तक पहुंचा : डॉ. दीक्षित

- भारत सरकार के सहकार से समृद्धि विषय पर हुई संगोष्ठी, वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारत सरकार के सहकार से समृद्धि विषय पर विकसित भारत के निर्माण पर संगोष्ठी का आयोजन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुंडेल के परिसर में हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ श्रीमती मीना साहू सभापति (सहकारिता) जिपं धमतरी, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, प्राधिकृत अधिकारी राम आसरू साहू, गोपाल राम साहू, शत्रुघ्न साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि डेमू राम साहू, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू, प्रबंधक एपी गुप्ता, प्रशिक्षक डॉ एएन दीक्षित ने किया। श्रीमती मीना साहू ने कहा कि सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने




में प्रशिक्षण की अहम भूमिका होती है। जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कृषकों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

प्रशिक्षक डॉ दीक्षित ने कहा कि देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने अन्य क्षेत्र के साथ सहकारी क्षेत्र का भी विकास अपरिहार्य है। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सहकार से समृद्धि नाम से जो अभियान प्रारंभ किया है वह सहकारी क्षेत्र को सक्रिय, जीवंत एवं लाभकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। सहकार से समृद्धि से प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को एक नया कलेवर देने का कार्य किया है। आज की प्राथमिक समिति 10 वर्ष पहले की स्थिति की तुलना में बहुत भिन्न और विकसित हुई है। समितियों के डिजिटलीकरण ने इन समितियों का कायाकल्प कर दिया है। समितियों में शामिल नई गतिविधियों में एक अति महत्वाकांक्षी योजना है अन्न भंडारण योजना। हरित क्रांति के कारण हमारा खाद्यान्न उत्पादन 330 मिलियन टन तक पहुंच गया। हम विश्व में खाद्यान्न के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक हो गए हैं। इसी प्रकार दुग्ध क्रांति से हम 220 मिलियन मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन कर विश्व में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम को मंचासीन अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर पैक्स भेंड्री, चंदना, खिसोरा, कुंडेल व करेली के प्रबंधक कार्तिक राम साहू, धनीराम निषाद, राजेश सोनी, मोहनलाल ध्रुव, नत्थूराम सोनकर सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन पैक्स भेंड्री के प्रबंधक कार्तिकराम साहू ने किया।

# सुशासन तिहार से रोशन हो रही टिकरापारा, ब्राम्हणपारा की गलियां

- नगर निगम सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम धमतरी की टिकरापारा निवासी श्रीमती आरती गिल, ब्राम्हण पारा निवासी राजू कुंभकार ने वार्ड की गली में विद्युत पोल लगाने और खंभों पर लगी लाइट को बदलने आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर कार्यवाही करते हुए नगर निगम द्वारा इन वार्डों में खराब लाइट को बदला गया। वहीं नवीन विद्युत खंभे भी लगाये गये। श्री कुंभकार ने बताया कि पूर्व में बिजली के खंभे नहीं होने से रात के समय जीव-जंतुओं का भय और दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती थी। लेकिन निगम द्वारा वार्ड में नये बिजली के खंभे और लाइट लगाये जाने से अब कोई परेशानी नहीं होगी। सुशासन तिहार अंतर्गत



उन्होंने अपनी समस्या समाधान पेटी में डाली और निगम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उनके वार्ड की गलियों को रोशन किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के कोष्टापारा निवासी लक्ष्मीकांत सोनी, हामिम खान, देवेंद्र कुमार, पवन कुमार साहू, टिकेश सोना द्वारा वार्ड की साफ-सफाई हेतु आवेदन दिये गये थे। निगम द्वारा आवेदन पर कार्यवाही करते हुए कोष्टापारा वार्ड में कचरों की सफाई के साथ नालियों की भी सफाई की गयी। वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व में नालियों में गंदा पानी भरा रहता था, जिससे बदबू व मच्छर पैदा होते थे। लेकिन अब इन नालियों की सफाई और कचरों के व्यवस्थित उठाव हो जाने से इस समस्या का समाधान हो गया है।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ का हीरक जयंती पर आयोजन

# जल संरक्षण का संदेश देने निकली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वर्ष को हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल संदेश रैली में स्काउट्स, गाइड्स ,रोवर्स , रेंजर्स तथा स्काउटर गाइडर बैनर , तख्तियां एवं पोस्टर्स के साथ सम्मिलित हुए। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकली। जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा एवं लीलाधर चौधरी सहायक संचालक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली लक्ष्मी निवास चौक से होते गांधी मैदान में रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी के मुख्य आतिथ्य, मोनिका देवांगन सभापति जिपं धमतरी की अध्यक्षता एवं सरिता दीदी मुख्य वक्ता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि धमतरी के आतिथ्य में समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सरिता ने कहा कि दुनिया में प्रकृति ,पुरुष और परमेश्वर तीनों विद्यमान है। इन तीनों से ही जीवन चल रहा है। इस जीवन में हमें प्रकृति को बचाने, जल संरक्षण हेतु पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। रंजना साहू ने कहा कि बदलते युग में आज लोग साइकिल का त्याग कर दिए हैं। इस संदेश रैली के जरिए साइकिल के समय को दोहराया गया। जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा ने कहा कि स्काउटिंग का मुख्य ध्येय ही समाज सेवा, राष्ट्र सेवा है। इसके माध्यम से बच्चों के मन में दूसरों के प्रति प्रेम एवं सेवा भाव विकसित करना है। गणेश प्रसाद साहू ने कहा कि स्काउटिंग में पशु पक्षियों को मित्र बनाना एवं प्रकृति प्रेम सिखाया जाता है। मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन डीके साहू जिला सचिव तथा आभार प्रदर्शन लीलाधर चौधरी सहायक संचालक ने किया। मौके पर भगतराम यादव जिला कोषाध्यक्ष, कृष्णा राम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, गजानंद साहू, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, यशोदा सोनकर जिला उपाध्यक्ष, एलआर चौधरी सहायक संचालक, डीके साहू सचिव , टिकेश्वर पांडे संयुक्त सचिव, जीवनलाल साहू, शशि बंछोर जिला प्रशिक्षण आयुक्त, नेमलाल गंगेले डीओसी स्काउट, हिना भेसले डीओसी गाइड, सोहन साहू सचिव धमतरी, दीपेंद्र साहू, नेतूराम यादव सहित 100 से अधिक स्काउट एवं गाइड्स उपस्थित थे।







